INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: 6th- 2nd Lang. | Department: Hindi | Date: |
|---|---|---|
| Worksheet No: 3 | Topic: अर्थग्रहण | Note: Pl. file in portfolio |

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए|

भारत की उत्तरी सीमा पर स्थित जम्मू व कश्मीर एक छोटा-सा राज्य है। यह राज्य अपनी प्राकृतिक सुन्दरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। जम्मू और कश्मीर का प्रमुख पर्यटन स्थल श्रीनगर है| यह झेलम नदी के दोनों तटों पर बसा बहुत सुंदर शहर है। एक तट से दूसरे तट तक जाने के लिए झेलम नदी पर कई पुल बने हैं। श्रीनगर में एक बहुत बड़ी और बहुत सुन्दर झील है। इस झील का नाम 'डल झील' है।

यहाँ की प्रसिद्ध पारंपरिक नाव को 'शिकारा' कहा जाता है। डल झील में अनेक रंग-बिरंगे शिकारे चलते हैं। इन शिकारों में बैठकर लोग झील की सैर का आनंद लेते हैं। झील के चारों ओर ऊँचे-ऊँचे पहाड़ और हरे-भरे पेड़ इसकी शोभा बढ़ाते हैं। वसंत ऋतु में यहाँ के बाग-बगीचे रंग-बिरंगे फूलों से भर जाते हैं। सर्दियों में यहाँ कई स्थानों पर बर्फ़बारी होती है। बच्चे और पर्यटक बर्फ़ से खेलते हैं तथा स्कीइंग का आनंद लेते हैं। यहाँ का ठंडा और सुहावना मौसम पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है।

जम्मू व कश्मीर में सेब, अखरोट और केसर की खेती भी प्रसिद्ध है। यहाँ के लोग मेहनती, सरल और अतिथि-सत्कार करने वाले होते हैं। दूर-दूर से देश-विदेश के पर्यटक यहाँ घूमने आते हैं। वे डल झील, मुगल गार्डन और बर्फ़ से ढके पहाड़ों की सुंदरता देखकर बहुत प्रसन्न होते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य, स्वच्छ वातावरण और शांत जीवन के कारण जम्मू व कश्मीर को "**धरती का स्वर्ग**" भी कहा जाता है।

**1. जम्मू व कश्मीर भारत की किस सीमा पर स्थित है?**

A. दक्षिणी सीमा　　B. पूर्वी सीमा

C. उत्तरी सीमा　　D. पश्चिमी सीमा

**2. जम्मू व कश्मीर किसके लिए प्रसिद्ध है?**

A. बड़े-बड़े कारखानों के लिए　　B. प्राकृतिक सुन्दरता के लिए

C. समुद्र तट के लिए　　D. रेगिस्तान के लिए

**3. श्रीनगर किस नदी के दोनों तटों पर बसा है?**

A. गंगा　　B. यमुना

C. झेलम　　D. ब्रह्मपुत्र

**4. श्रीनगर की प्रसिद्ध झील का नाम क्या है?**

A. नैनी झील
B. डल झील
C. चिल्का झील
D. सांभर झील

**5. जम्मू और कश्मीर की प्रसिद्ध पारंपरिक नाव को क्या कहते हैं?**

A. नाव
B. जहाज़
C. शिकारा
D. डोंगी

**6. जम्मू और कश्मीर में सर्दियों के मौसम में क्या होती है?**

A. तेज वर्षा
B. बर्फबारी
C. आँधी
D. गर्म हवाएँ

**7. जम्मू व कश्मीर में कौन-सी खेती प्रसिद्ध है?**

A. चाय और कॉफी
B. गेहूँ और चावल
C. सेब, अखरोट और केसर
D. गन्ना और कपास

**8. जम्मू व कश्मीर के लोग कैसे होते हैं?**

A. आलसी और क्रोधित
B. मेहनती, सरल और अतिथि-सत्कार करने वाले
C. केवल व्यापारी
D. केवल किसान

**9. देश-विदेश के पर्यटक जम्मू व कश्मीर क्यों आते हैं?**

A. खरीदारी करने
B. प्राकृतिक सुंदरता देखने
C. पढ़ाई करने
D. व्यापार करने

**10. जम्मू व कश्मीर को किस नाम से जाना जाता है?**

A. गुलाबी नगर
B. भारत का हृदय
C. धरती का स्वर्ग
D. झीलों का नगर

*********************